Gaziabad नामी कंपनी के नकली उपकरण बेचने पर छापेमारी

उत्तरप्रदेश न्यूज़ डेस्क खोड़ा थानाक्षेत्र के मंगल बाजार फेज दो में नामी कंपनी के नकली पार्ट्स बेचे जा रहे थे. शिकायत पर कंपनी के अधिकारी ने पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमारी की. इस दौरान बड़ी संख्या में कंपनी के नकली प्रोडक्ट बरामद किए गए. पुलिस ने जांच अधिकारी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया.

दिल्ली के दिलशाद गार्डन निवासी दीवान सिंह का कहना है कि वह एक कंपनी में कार्यरत हैं. उन्हें सूचना मिल रही थी कि मंगल बाजार फेज दो में मलिक इलेक्ट्रॉनिक्स पर पैनासोनिक कंपनी के नकली प्रोडक्ट बेचे जा रहे हैं. इसके बाद वह कंपनी के संतोष कुमार और गुरदीप के साथ खोड़ा थाने पहुंचे. यहां पर पुलिस को साथ लेकर उन्होंने मलिक इलेक्ट्रॉनिक पर छापेमारी की. इस दौरान काफी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक का सामान बरामद किया गया.

सभी पर एंकर पेंटा सीरिज की नकली मोहर लगी हुई थी. पुलिस ने बरामद सामान को सील कर दिया. दीवान सिंह की ओर से खोड़ा थाने में मलिक इलेक्ट्रॉनिक्स के मालिक जावेद मालिक के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट का मामला दर्ज कराया गया है. खोड़ा पुलिस का कहना है कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

Source: https://samacharnama.com/city/gaziabad/raid-on-sale-of-fake-equipment-of-gaziabad-wellknown/cid15216761.htm